भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 157
03.08.2026 को उत्तर देने के लिए

सांख्यिकीय प्रणाली का आधुनिकीकरण

157 श्री संदोष कुमार पी:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आधिकारिक सांख्यिकी की गुणवत्ता, आवरण तथा समयबद्धता में सुधार करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली के आधुनिकीकरण हेतु कदम उठाए हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी किए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षणों तथा सांख्यिकीय प्रतिवेदनों के निर्धारित तथा वास्तविक प्रकाशन की तिथियों सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई सर्वेक्षण अथवा प्रतिवेदन विलंबित हुए हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(घ) डिजिटल आंकड़ा संग्रहण, आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए क्या पहल की गई है; और

(ङ) आधिकारिक सांख्यिकी तक सार्वजनिक पहुंच, पारदर्शिता तथा विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ङ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

श्री संदोष कुमार पी. द्वारा सांख्यिकी प्रणाली के आधुनिकीकरण के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.08.2026 के राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या 157 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (ङ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों के अधिक उपयोग के माध्यम से राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए कई उपाय किए हैं। ई-सिग्मा प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत कंप्यूटर-सहायता प्राप्त व्यक्तिगत साक्षात्कार (सीएपीआई) को अंतर्निहित सत्यापन जांच वाले हैंडहेल्ड उपकरणों का उपयोग करके सर्वेक्षणों में डेटा संग्रह के लिए अपनाया गया है। सर्वेक्षण कार्यों को अन्य बातों के साथ-साथ, केंद्रीकृत सर्वरों, सर्वेक्षण किए गए घरों की जीपीएस टैगिंग और डेटा के सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण के माध्यम से सुगम बनाया गया है। प्रतिदर्श चयन, क्षेत्र निगरानी, सर्वेक्षण प्रशासन, सत्यापन और डेटा प्रसंस्करण सहित सर्वेक्षण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को भी स्वचालित कर दिया गया है। इन उपायों से डेटा संग्रह के समय ही सत्यापन संभव हो सका है, जिससे डेटा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, डेटा प्रसंस्करण के लिए आवश्यक समय कम हुआ है और सर्वेक्षण परिणामों का तेजी से प्रसार संभव हुआ है।

इसके अतिरिक्त, प्रशासनिक डेटासेट को प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे प्रतिदर्श फ्रेम सुदृढ़ हुआ है, सर्वेक्षण की दक्षता में सुधार हुआ है और आधिकारिक आंकड़ों के समय से संकलन में सहायता मिली है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन ढांचा (एनक्यूएएफ), 2019 के आधार पर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने सांख्यिकीय प्रक्रियाओं और उत्पादों के लिए मापदंड और संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं को निर्धारित करके एक सांख्यिकीय गुणवत्ता मूल्यांकन ढांचा (एससीयूएएफ) विकसित किया है, जिससे राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली में सुधार आया है। एमओएसपीआई ने राष्ट्रीय मेटाडेटा संरचना (एनएमडीसी 2.0) को इस उद्देश्य से अपनाया है कि डेटा और सूचनाओं को एक समान रूप से प्रस्तुत किया जाए, डेटा स्रोतों, संग्रह विधियों पर स्पष्टता प्रदान की जाए और डेटा सेटों की खोज क्षमता को बढ़ाया जाए।

एमओएसपीआई सांख्यिकीय सुदृढ़ीकरण सहायता (एसएसएस) योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी सांख्यिकी क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना में नवीन सांख्यिकी तकनीकों और पद्धतियों को अपनाना, सांख्यिकी कर्मियों का क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण, समयबद्धता और गुणवत्ता में सुधार आदि जैसे घटक शामिल हैं। एसएसएस उप-योजना के तहत, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को डेटा गुणवत्ता और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए ई-सिगमा सक्षम सीएपीआई उपकरण के माध्यम से डेटा संग्रह हेतु टैबलेट जैसे आईटी अवसंरचना की खरीद के लिए सहायता प्रदान की जाती है। केंद्रीय एवं राज्य सांख्यिकी संगठनों के सम्मेलन (सीओसीएसएसओ) और डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलनों के दौरान नियमित बातचीत के माध्यम से राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय भी सुनिश्चित किया गया है।

एमओएसपीआई ने आधिकारिक आंकड़ों की सार्वजनिक पहुंच और प्रसार को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। एमओएसपीआई की वेबसाइट पर एक अग्रिम प्रकाशन कैलेंडर (एआरसी) उपलब्ध है, जिसमें प्रमुख सांख्यिकीय प्रकाशनों को जारी करने का कार्यक्रम दर्शाया गया है, जिससे प्रसार में

पारदर्शिता और पूर्वानुमान को बढ़ावा मिलता है। एमओएसपीआई ने सांख्यिकीय डेटा प्रसार के लिए संशोधित दिशानिर्देश (जीएसडीडी), 2026 को लागू किया है, जो डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एमओएसपीआई द्वारा उत्पादित सांख्यिकीय डेटा के प्रसार के लिए एक ढांचा प्रदान करता है। ईसांख्यिकी पोर्टल एपीआई, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन और मेटाडेटा द्वारा समर्थित आधिकारिक आंकड़ों के प्रसार के लिए एक एकल मंच के रूप में कार्य करता है। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के अनाम इकाई-स्तरीय डेटा तक पहुंच प्रदान करने के लिए माइक्रोडाटा पोर्टल को नया रूप दिया गया है। मंत्रालय ने एआई-सक्षम सुविधाओं और इंटरैक्टिव डैशबोर्ड के साथ अपनी वेबसाइट का आधुनिकीकरण भी किया है और आधिकारिक आंकड़ों तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए जीओआईस्टेट मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से रिपोर्ट, बुलेटिन और फैक्टशीट प्रसारित की जाती हैं। आधिकारिक आँकड़े समाचार पत्रों, टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल और सोशल मीडिया, संसद टीवी पर पॉडकास्ट, प्रदर्शनियों, माई जीओवी के सहयोग, व्याख्यात्मक वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और अन्य मल्टीमीडिया सामग्री जैसे विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से प्रसारित किए जाते हैं ताकि व्यापक पहुँच सुनिश्चित हो सके और जनभागीदारी को सुदृढ़ किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, एमओएसपीआई नियमित रूप से मंत्रालयों/विभागों, शिक्षाविदों, डेटा उपयोगकर्ताओं आदि सहित हितधारकों से प्राप्त सुझावों/प्रतिक्रियाओं की जांच करता है और जहां भी उचित पाया जाता है, उन्हें सांख्यिकीय डेटा प्रणालियों की दक्षता, विश्वसनीयता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए शामिल किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षण, मैक्रोइकॉनॉमिक सूचकांक और राष्ट्रीय लेखा (जीडीपी) रिपोर्ट, साथ ही उनकी निर्धारित और वास्तविक प्रकाशन तारीख, अनुबंध-I में दी गई हैं।

*****

अनुबंध- I

प्रमुख सर्वेक्षण और सांख्यिकीय रिपोर्ट के जारी होने की तय समय-सीमा और प्रकाशन की वास्तविक तारीख

क्र. सं	**सर्वेक्षण/सांख्यिकीय रिपोर्ट का नाम**	**संदर्भ अवधि**	**संभावित जारीकरण समयसारिणी-**	**प्रकाशन की वास्तविक तिथि / स्थिति**
1.	घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस)	अगस्त 2022 – जुलाई 2023	फरवरी 2024 *(फैक्टशीट)* 07/06/2024 *(विस्तृत)*	24/02/2024 *(फैक्टशीट)* 07/06/2024 *(विस्तृत रिपोर्ट)*
2.		अगस्त 2023 – जुलाई 2024	31/12/2024 (फैक्टशीट) 31/01/2025 *(विस्तृत रिपोर्ट)*	27/12/2024 *(फैक्टशीट)* 31/01/2025 *(विस्तृत रिपोर्ट)*
3.	आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) वार्षिक रिपोर्ट	जुलाई 2023 – जून 2024	30/09/2024	23/09/2024
4.		जनवरी 2025 – दिसंबर 2025	31/03/2026	27/03/2026
5.	असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई)	अप्रैल 2021 - मार्च 2022 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023	14/06/2024 *(फैक्टशीट)* 05/07/2024 *(विस्तृत रिपोर्ट)*	14/06/2024 *(फैक्टशीट)* 05/07/2024 *(विस्तृत रिपोर्ट)*
6.		अक्टूबर 2023 – सितंबर 2024	31/12/2024 *(फैक्टशीट)* 31/01/2025 *(विस्तृत रिपोर्ट)*	24/12/2024 *(फैक्टशीट)* 29/01/2025 *(विस्तृत रिपोर्ट)*
7.		जनवरी 2025- दिसंबर 2025	31/03/2026 *(फैक्टशीट)* 06/05/2026 *(विस्तृत रिपोर्ट)*	24/03/2026 *(फैक्टशीट)* 06/05/2026 *(विस्तृत रिपोर्ट)*
8.	उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई)	वित्त वर्ष 2022–23	30/09/2024	30/09/2024
9.		वित्त वर्ष 2023-24	29/09/2025	27/08/2025
10.	समय उपयोग सर्वेक्षण (टीयूएस)	जनवरी 2024- दिसंबर 2024	31/03/2025	28/03/2025
11।	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई)	मासिक प्रकाशन	प्रत्येक माह की 12 तारीख को	निर्धारित समय पर जारी किया गया

क्र. सं	सर्वेक्षण/सांख्यिकीय रिपोर्ट का नाम	संदर्भ अवधि	संभावित जारीकरण समयसारिणी-	प्रकाशन की वास्तविक तिथि / स्थिति
12.	औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी)	मासिक प्रकाशन	प्रत्येक माह की 28 तारीख को	निर्धारित समय पर जारी किया गया
13.	सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2023 सतत विकास लक्ष्यों पर डेटा स्नैपशॉट - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2023 सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा, 2023	2023	29/06/2023	29/06/2023
14.	सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2024 सतत विकास लक्ष्यों पर डेटा स्नैपशॉट - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2024 सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा, 2024	2024	29/06/2024	29/06/2024
15.	सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2025 सतत विकास लक्ष्यों पर डेटा स्नैपशॉट - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2024 सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक ढांचा, 2025	2025	29/06/2025	29/06/2025
16.	सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पहला अग्रिम अनुमान (एफएई)	वार्षिक प्रकाशन	7 जनवरी या उससे पहले का कोई कार्य दिवस, यदि 7 जनवरी को छुट्टी हो।	निर्धारित समय पर जारी किया गया
17.	जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान (एसएई)	वार्षिक प्रकाशन	28 फरवरी या फरवरी का आखिरी कार्य दिवस	निर्धारित समय पर जारी किया गया
18.	जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान (एफआरई)	वार्षिक प्रकाशन	28 फरवरी या उससे पहले का कोई कार्य दिवस, यदि 28 फरवरी	निर्धारित समय पर जारी किया गया

क्र. सं	सर्वेक्षण/सांख्यिकीय रिपोर्ट का नाम	संदर्भ अवधि	संभावित जारीकरण समयसारिणी-	प्रकाशन की वास्तविक तिथि / स्थिति
			को छुट्टी का दिन हो।	
19.	जीडीपी का दूसरा संशोधित अनुमान (एसआरई)	वार्षिक रिलीज़	28 फरवरी या उससे पहले का कार्य दिवस, यदि 28 फरवरी को छुट्टी का दिन हो।	निर्धारित समय पर जारी किया गया
2 0.	जीडीपी के अनंतिम अनुमान (पीई)	वार्षिक प्रकाशन	7 जून या उससे पहले का कोई कार्यदिवस, यदि 7 जून को छुट्टी का दिन हो।	निर्धारित समय पर जारी किया गया
21.	जीडीपी के पहली तिमाही के अनुमान ति1 (अप्रैल-जून)	तिमाही प्रकाशन	31 अगस्त या अगस्त का आखिरी कार्य दिवस	निर्धारित समय पर जारी किया गया
22.	जीडीपी के दूसरी तिमाही के अनुमान ति2 (जुलाई-सितंबर)	तिमाही प्रकाशन	30 नवंबर या नवंबर का आखिरी कार्य दिवस	निर्धारित समय पर जारी किया गया
23.	जीडीपी के तीसरी तिमाही के अनुमान ति3 (अक्टूबर-दिसंबर)	तिमाही प्रकाशन	28 फरवरी या फरवरी का आखिरी कार्य दिवस (एसएई, एफआरई और एसआरई के साथ)	निर्धारित समय पर जारी किया गया
24.	चौथी तिमाही के जीडीपी अनुमान ति4 (जनवरी-मार्च)	तिमाही प्रकाशन	7 जून या उससे पहले का कार्यदिवस, यदि 7 जून को छुट्टी है (पीई के साथ) ।	निर्धारित समय पर जारी किया गया